तेरे नाम से सालासर वाले

तेरे नाम से सालासर वाले,
चलता मेरा गुजारा,
तू ही मेरा हमसफर है,
तू ही मेरा हमसफर है,
तू है मेरा सहारा,
तेरे नाम से सालासर वालें,
चलता मेरा गुजारा।।

दुनिया के आईने में,
देखा है अक्ष मेरा,
वो ही हुआ पराया,
कभी था शख्स मेरा,
उसने डुबोई नैया,
उसने डुबोई नैया,
तूने दिया किनारा,
तेरे नाम से सालासर वालें,
चलता मेरा गुजारा।।

बदले तो बदले दुनिया,
इसकी फ़िक्र नही है,
दुनिया की रंजिशो का,
मुझ पे असर नही है,
मेरे सर पे यूँ हि रखना,
मेरे सर पे यूँ हि रखना,
बालाजी हाथ तुम्हारा,
तेरे नाम से सालासर वालें,
चलता मेरा गुजारा।।

जब से हुए तुम्हारे,
तुमसे ये हमने जाना,
होती है क्या हकीकत,
होता है क्या फ़साना,
तेरा श्याम कहता तूने,
तेरा श्याम कहता तूने,
धरणीधर को तारा,
तेरे नाम से सालासर वालें,
चलता मेरा गुजारा।।

तू ही मेरा हमसफर है,
तू ही मेरा हमसफर है,

तू है मेरा सहारा,
तेरे नाम से सालासर वालें,
चलता मेरा गुजारा।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23203/title/tere-naam-se-salasar-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |